नईदुनिया

समाज में समता का भाव अत्यंत महत्वपूर्ण : डॉ. यादव

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि समाज में समता और सामाजिक सद्भाव का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि समाज में विभाजन की रेखाओं को समाप्त करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास में पंजाब से आए पंचतीर्थ यात्रा के तीर्थयात्रियों के स्वागत कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि पंचतीर्थ यात्रा 14 मई को मोहाली (चंडीगढ़) से प्रारंभ हुई थी और 21 जून को दिल्ली में संपन्न होगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु डॉ. अंबेडकर की जन्मस्थली महू, दीक्षाभूमि नागपुर, इंदु मिल मुंबई तथा निर्वाण स्थल दिल्ली सहित प्रमुख स्थलों के दर्शन कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश और पंजाब के संबंध इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं सामाजिक आयोजनों से और अधिक मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग की उन्नति आवश्यक है तथा आपसी सद्भाव ही राष्ट्र निर्माण का आधार है। कुछ लोग समाज को बांटने और महापुरुषों का अपमान करने का कार्य करते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सामाजिक समानता और समरसता को सुदृढ़ करने का प्रयास किया जा रहा है।

डॉ. अंबेडकर के विचारों का केवल स्मरण ही नहीं किया जा रहा, बल्कि उनके बताए मार्ग पर चलने का भी प्रयास हो रहा है। पंचतीर्थ यात्रा 14 मई को मोहाली से प्रारंभ हुई थी और 21 जून को दिल्ली में सम्पन्न होगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु डॉ. अंबेडकर की जन्मस्थली डॉ. अंबेडकर नगर (महू), दीक्षाभूमि नागपुर, इंदु मिल मुंबई तथा निर्वाण स्थल दिल्ली का दर्शन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यात्रियों को बाबा महाकाल की प्रतिमा भेंट कर आगामी यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। श्रद्धालुओं ने मध्यप्रदेश में मिले आत्मीय स्वागत और आतिथ्य के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मंत्री तुलसी सिलावट, गौतम टेटवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व को मिला राष्ट्रीय सम्मान

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध वन्यजीव पर्यटन स्थल बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व को 'इंडिया टुडे टूरिज्म सर्वे एंड अवार्ड्स-2026' में 'एडिटर्स चॉइस अवार्ड - सर्वश्रेष्ठ वन्यजीव पर्यटन स्थल' से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार वन्यजीव संरक्षण, उत्कृष्ट पर्यटन प्रबंधन, पर्यटकों को बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने तथा जैव विविधता के संरक्षण में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया गया।

यह उपलब्धि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन और राज्य सरकार की वन्यजीव संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम मानी जा रही है। गोवा में आयोजित पुरस्कार समारोह में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत तथा गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने यह सम्मान प्रदान किया। बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व की ओर से फील्ड डायरेक्टर डॉ. अनुपम सहाय और अपर मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एल. कृष्णमूर्ति ने पुरस्कार प्राप्त किया।

खास-खबरें

मुख्यमंत्री ने डॉ. प्रफुल्ल चंद्र राय की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय रसायन विज्ञान के जनक व महान शिक्षाविद् डॉ. प्रफुल्ल चंद्र राय की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी है। डॉ. राय ने देश में 'बंगाल केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स वर्क्स लिमिटेड' की स्थापना कर दवा उद्योग की नींव रखी थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. प्रफुल्ल चंद्र राय ने देश की इस पहली दवा कंपनी के जरिए उद्यमिता, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी की अलख जगाई। वे हम सभी के लिए सदैव प्रेरणापुंज बने रहेंगे।

उप मुख्यमंत्री ने डॉ. अलका गुप्ता के निधन पर किया शोक व्यक्त

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, इंदौर की प्राचार्य डॉ. अलका गुप्ता के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. अलका गुप्ता का निधन दंत चिकित्सा शिक्षा जगत एवं प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है। अपने कार्यकाल में उन्होंने महाविद्यालय के विकास, आधारभूत संरचना के विस्तार, नवीन भवन निर्माण एवं शैक्षणिक सुविधाओं के उन्नयन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके नेतृत्व में महाविद्यालय में सीटों की संख्या 40-50 से बढ़ाकर 100 किए जाने जैसे ऐतिहासिक कार्य हुए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि डॉ. गुप्ता का शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों एवं सहयोगियों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने चित्तरंजन दास की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महान स्वतंत्रता सेनानी और 'देशबंधु' के नाम से सुप्रसिद्ध श्रद्धेय चित्तरंजन दास की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व. श्री चित्तरंजन दास ने अपना जीवन देश की आजादी और गरीबों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। राष्ट्र निर्माण के लिए उनका त्याग और स्वराज को लेकर उनके विचार सदैव अनुकरणीय रहेंगे।

राज्य प्रशासनिक सेवा के 155 अधिकारियों के तबादले, बीस डिप्टी जेलर भी बदले

मध्यप्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा (एसएएस) अधिकारियों का अब तक का बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए दो अलग-अलग आदेश जारी किए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 15 जून को जारी आदेशों में 155 से अधिक अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। इनमें अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, प्रभारी डिप्टी कलेक्टर, अवर सचिव, उप सचिव और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

कई बड़े जिलों में बदले अधिकारी

तबादला सूची में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, रीवा, सागर, विदिशा, नर्मदापुरम, सीहोर, धार, खरगोन, बालाघाट, पन्ना, मंडला, छिंदवाड़ा, सिंगरौली, श्योपुर, अलीराजपुर, डिंडोरी, शिवपुरी, दमोह, टीकमगढ़, सतना, राजगढ़, शाजापुर, कटनी, सीधी, देवास, निवाड़ी, पांढुर्णा, मऊगंज और अन्य जिलों में प्रशासनिक बदलाव किए गए हैं।

मंत्रालय और निगमों में भी बड़े बदलाव

सरकार ने कई अधिकारियों को मंत्रालय में उप सचिव एवं अवर सचिव के पदों पर पदस्थ किया है। वहीं कुछ अधिकारियों को मप्र स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन, भवन विकास निगम, औद्योगिक विकास निगम, नागरिक आपूर्ति निगम, आयुष्मान भारत, राज्य लोक सेवा अभिकरण और विभिन्न विभागों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

दूसरे आदेश में भी 99 अधिकारियों का तबादला

दूसरे आदेश के तहत संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर और प्रभारी डिप्टी कलेक्टर स्तर के 99 अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। इसमें कई अधिकारियों को मंत्रालय में अवर सचिव बनाया गया, जबकि कई जिलों में नए संयुक्त एवं डिप्टी कलेक्टर पदस्थ किए गए हैं।

इन अधिकारियों के तबादले रहे प्रमुख

डॉ. शालिनी श्रीवास्तव को रतलाम से आगर-मालवा अपर कलेक्टर बनाया गया। महेंद्र सिंह कवचे को दतिया से भोपाल अपर कलेक्टर पद पर भेजा गया। नीता राठौर को जबलपुर अपर कलेक्टर की जिम्मेदारी मिली। राकेश कुमार वैश्य को इंदौर अपर कलेक्टर बनाया गया। अनुराग जैन को मंदसौर से बुरहानपुर अपर कलेक्टर नियुक्त किया गया। रोशन राय को इंदौर से मैहर अपर कलेक्टर भेजा गया। अरविंद कुमार सिंह को नरसिंहपुर अपर कलेक्टर की जिम्मेदारी मिली। अखिलेश कुमार सिंह को सिंगरौली से जबलपुर अपर कलेक्टर बनाया गया। रविशंकर राय को भोपाल से जबलपुर स्थानांतरित किया गया। बृजेंद्र कुमार रावत को नर्मदापुरम से रतलाम अपर कलेक्टर पद पर भेजा गया।

प्रशासनिक दृष्टि से अहम फैसला : *सरकार ने सभी तबादले प्रशासनिक आधार पर तत्काल प्रभाव से लागू किए हैं। संबंधित अधिकारियों को शीघ्र नई पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासनिक हलकों में इसे जिलों की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।*

प्रमुख बदलावों में शामिल : *प्रताप सिंह धुर्वे को मंडला डिप्टी कलेक्टर बनाया गया। आर.के. सिन्हा को रीवा से मुरैना भेजा गया। शिवलाल शाक्य को मंदसौर से श्योपुर स्थानांतरित किया गया। नितिन कुमार ताले को सीहोर से नर्मदापुरम भेजा गया। कलावती ब्यौरे को नरसिंहपुर से जबलपुर भेजा गया। श्रुति अग्रवाल और लोकेन्द्र सिंह सरल को इंदौर संयुक्त कलेक्टर बनाया गया। राहुल गुप्ता को धार से इंदौर भेजा गया। विकास कुमार आनंद को अशोकनगर में संयुक्त कलेक्टर एवं सक्षम प्राधिकारी (गेल इंडिया) की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई।*

जेल विभाग में भी तबादले...

भोपाल-ग्वालियर समेत कई जेलों के अधीक्षक बदले

जेल विभाग में लंबे समय बाद बड़े पैमाने पर तबादले किए गए हैं। विभाग ने केंद्रीय जेलों और जिला जेलों के अधीक्षकों सहित 20 डिप्टी जेलरों के स्थानांतरण आदेश जारी किए हैं। तबादलों को हाल के घटनाक्रमों और प्रशासनिक आवश्यकताओं से जोड़कर देखा जा रहा है।

नए आदेश के तहत मानवेन्द्र सिंह परिहार को भोपाल केंद्रीय जेल का अधीक्षक बनाया गया है। वहीं ग्वालियर केंद्रीय जेल के अधीक्षक विदित सरवैया को हटाकर शिवपुरी जिला जेल भेज दिया गया है। हाल ही में ग्वालियर केंद्रीय जेल के भीतर नशे और पैसों के लेन-देन से जुड़े वीडियो वायरल होने के बाद यह कार्रवाई चर्चा में रही। बताया जा रहा है कि जेल के अंदर के ऐसे वीडियो पहली बार20 डिप्टी जेलर भी बदले सार्वजनिक रूप से सामने आए हैं।

ग्वालियर केंद्रीय जेल की जिम्मेदारी अब राकेश भांगरे को सौंपी गई है। वहीं गोहद उपजेल में पिछले नौ वर्षों से पदस्थ डिप्टी जेलर हेम सरिता मिंज का तबादला ग्वालियर केंद्रीय जेल किया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह गोहद जेल से पॉक्सो एक्ट का एक बंदी दिनदहाड़े फरार हो गया था।

इधर, दिनेश नरगावे को इंदौर केंद्रीय जेल का अधीक्षक नियुक्त किया गया है, जबकि अलका सोनकर को इंदौर केंद्रीय जेल से हटाकर जेल मुख्यालय से अटैच किया गया है। जेल मुख्यालय द्वारा जारी आदेश में अधीक्षकों के साथ-साथ 20 डिप्टी जेलरों के भी तबादले किए गए हैं। विभागीय स्तर पर इसे जेल प्रशासन को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

सबसे पहले मध्यप्रदेश हुआ नक्सलमुक्त प्रधानमंत्री मोदी ने की प्रशंसा : डॉ. यादव

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पूरे देश में सबसे पहले मध्यप्रदेश ने ही नक्सलवाद को समाप्त किया है। लाल सलाम को आखिरी सलाम करने में मध्यप्रदेश ने बाजी मारी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 11 जून को नई दिल्ली में हुई नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए मध्यप्रदेश सरकार के विकास के हर मामले में सदैव अग्रणी रहने की क्रियाशीलता की सराहना की। इस वर्ष बैठक का विषय 'विकसित भारत @2047 के लिये समावेशी मानव विकास' था। पहली बार सभी 28 राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने नीति आयोग की शासी परिषद् की बैठक में भाग लिया। उन्होंने बताया कि गवर्निंग काउंसिल की बैठक में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए केंद्र और राज्यों की साझी भागीदारी, समन्वित प्रयासों तथा विकास के विभिन्न आयामों पर व्यापक और सार्थक चर्चा हुई। देश के जो क्षेत्र नक्सलवाद से प्रभावित थे, वहां विकास की गति तेज करने पर चर्चा हुई। भविष्य में युवाओं के विकास पर सरकार का विशेष रूप से जोर रहेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी को मध्यप्रदेश आयुष्मान योजना, नदी जोड़ो परियोजनाओं के क्रियान्वयन, पीएम मित्र पार्क निर्माण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों से भी अवगत कराया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद् की बैठक से पहले मंत्रीगण से अनौपचारिक चर्चा कर रहे थे।

प्रधानमंत्री को मिला स्लोवाकिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

भोपाल। *प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को स्लोवाकिया द्वारा उनके सर्वोच्च नागरिक सम्मान' से अलंकृत किया गया है। इस अलंकरण से सम्मानित होने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व में विश्वास, साझेदारी और मित्रता का नया अध्याय लिख रहा है।*

श्रमिक कल्याण और सामाजिक सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : प्रहलाद सिंह पटेल

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा है कि श्रमिकों और उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास तथा सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रमिक कल्याण योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए।

मंत्री श्री पटेल ने मध्यप्रदेश असंगठित शहरी एवं ग्रामीण कर्मकार कल्याण मंडल, मध्यप्रदेश श्रम कल्याण मंडल तथा मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल की बैठक में

श्रमिक हित से जुड़े विभिन्न विषयों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में श्रमिक कल्याण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं और नई श्रम संहिताएं श्रमिकों को अधिक सुरक्षा और सुविधाएं प्रदान करेंगी।

बैठक में श्रमिकों के बच्चों के लिए 'मेधा छात्र उन्नयन छात्रवृत्ति योजना' शुरू करने का निर्णय लिया गया। इसके अंतर्गत मध्यप्रदेश और सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाओं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 100 मेधावी विद्यार्थियों को 7,500 रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी। श्रमिकों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के 422 संस्थानों में योग गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। बुरहानपुर और नरसिंहपुर में आदर्श श्रम कल्याण केंद्र विकसित किए जा रहे हैं, जबकि इंदौर और ग्वालियर में भी ऐसे केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव है। बैठक में यह भी बताया गया कि नई श्रम संहिताओं के तहत न्यूनतम वेतन का दायरा बढ़ाया गया है तथा गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को भी सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

• उम्मीद का दिया

साहब की कलेक्टरी का सपना अब मंत्रालय की गलियों में सबसे पुरानी फाइलों में गिना जाने लगा है। बैच के साथी जिले नापते-नापते कई उपलब्धियां बटोर चुके हैं और साहब अब भी उम्मीद की गठरी कंधे पर टांगे बैठे हैं। हां, एक बड़े साहब के आश्वासन ने उम्मीद का दिया अभी बुझने नहीं दिया है। अब देखना यह है कि पहले आदेश निकलता है या इंतजार का धैर्य जवाब देता है।

• साहब ने उतारी खुमारी

जिले के कुछ महारथी पूरे लाव-लश्कर के साथ साहब पर दबाव बनाने पहुंचे थे। सोचा था कि आज तो मैदान मार लेंगे, लेकिन साहब ने फाइलों और दस्तावेजों का ऐसा चक्रव्यूह रचा कि नेतागिरी की सारी हवा निकल गई।

अंदर जो तेवर लेकर गए थे, बाहर आते-आते बगलें झांकते नजर आए। चैंबर से निकले तो चेहरों पर वही भाव था, जो बिना तैयारी परीक्षा देने वाले छात्र का होता है।





मंत्रालय की गुफ्तगु...

• डॉ. शिशिर उपाध्याय

• हम बड़े, तुम छोटे की रार

मंत्रालय में एक सीधे भर्ती वाले साहब का एक बयान इनडायरेक्ट वालों के दिल पर ऐसा लगा कि पुरानी तलवारों से जंग उतरने लगी। दोनों खेमे अपनी-अपनी श्रेष्ठता साबित करने में जुट गए हैं। अफसोस यह है कि दो हाथियों की लड़ाई में घास ही कुचलती है। विभाग और छोटे कर्मचारी रोज इस अहंकार की कीमत चुका रहे हैं और तमाशा देखने को मजबूर हैं।

• आदेश किसी का, रिपोर्ट किसी को

बड़े साहब इन दिनों असमंजस में हैं। उनके आदेशों का पालन पूरी निष्ठा से हो रहा है, लेकिन पालन की रिपोर्ट किसी और दरबार में पेश हो रही है। वजह सिर्फ इतनी है कि छोटे साहब को बड़े साहब का अंदाज रास नहीं आता। नतीजा यह कि आदेश इधर से निकलते हैं और वाहवाही उधर पहुंच जाती है।

• कौन होगा प्रधान, कसरतें जारी

सरकार के प्रशासनिक मुखिया की कुर्सी को लेकर गलियारों में खूब कसरत चल रही है। हर खेमा अपने उम्मीदवार को सबसे मजबूत बता रहा है। हालांकि अनुभवी लोग मुस्कुरा रहे हैं, क्योंकि पिछली बार भी जोड़-घटाव बहुत हुए थे और अंत में वही हुआ था जो ऊपर वाले ने मंजूर किया। इस बार भी दांव बहुत हैं, लेकिन पत्ता कौन खोलेगा, यह वक्त ही बताएगा।

• हमारे भी तो अधिकार हैं

एक बड़े साहब की हिटलरशाही आखिर उनके अपने स्टाफ पर ही भारी पड़ गई। बरसों से मन मसोसकर काम कर रहे कर्मचारियों का धैर्य टूट गया और उन्होंने काम बंद कर साफ कह दिया कि अधिकार सिर्फ कुर्सी वालों के नहीं होते। मामला तूल पकड़ता, उससे पहले ही मैडम ने माहौल की नजाकत समझी, भविष्य में अच्छा व्यवहार करने का भरोसा दिया और क्षमा मांगकर आग पर पानी डाल दिया। फिलहाल मामला शांत है, लेकिन अंगार अभी पूरी तरह ठंडे नहीं हुए हैं।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। * फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com